# पार्वती नदी पर दो नये पुलों के निर्माण को मंजूरी



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 03 दिसम्बर।** लोकसभा क्षेत्र 03 ग्वालियर के सांसद भारत सिंह कुशवाह की लगातार पहल और प्रयासों का बड़ा परिणाम अब सामने आया है। बजट वर्ष 2025-26 में अपने संसदीय क्षेत्र के महत्वपूर्ण विकास कार्यों को शामिल करने के लिए सांसद द्वारा जिला प्रशासन एवं मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग के माध्यम से भेजे गए प्रस्तावों को प्रदेश सरकार ने मंजूरी दे दी है। इन कार्यों में सबसे महत्वपूर्ण पार्वती नदी पर दो नये पुलों का निर्माण है, जिससे लंबे समय से जूझ रहे क्षेत्रवासियों को बड़ा राहत मिलेगी।

**सांसद की सक्रियता और संवाद शैली बनी सफलता की कुंजी:** सांसद भारत सिंह कुशवाह अपने संसदीय क्षेत्र में लगातार भ्रमण करते रहे हैं। विधानसभा क्षेत्र में दौरे के दौरान ग्रामीणों ने उनसे इन

**सांसद भारत सिंह की पहल पर क्षेत्र को मिली बड़ी सौगात**

पुलों के निर्माण की मांग बार-बार रखी थी। सांसद ने जनता की इस मांग को गंभीरता से लेते हुए तत्काल प्रदेश सरकार के समक्ष विषय रखा और इसे बजट में सम्मिलित कराने के लिए व्यक्तिगत रूप से प्रयास किए। लोक निर्माण मंत्री से भी उन्होंने विशेष रूप से इन दोनों महत्वपूर्ण कार्यों की स्वीकृति हेतु आग्रह किया था, जिसका परिणाम अब सामने आ गया है। प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में जनता तक योजनाओं का लाभ पहुँचाना ही मेरा संकल्प: सांसद कुशवाह सांसद कुशवाह ने पुल निर्माण की मंजूरी पर प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन और मध्यप्रदेश शासन के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शासन की योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुँचाने, जनसमस्याओं को सुनने और उनका समाधान कराने के लिए वे हमेशा प्रतिबद्ध हैं।

**क्षेत्र में खुशी की लहर, लोगों ने कहा-हमारी वर्षों पुरानी मांग पूरी हुई:** दोनों पुलों के निर्माण कार्यों को मंजूरी मिलने से क्षेत्रवासियों में खासा उत्साह है। ग्रामीणों ने कहा कि बरसात के दिनों में पार्वती नदी पर आवागमन लगभग ठप हो जाता था, जिससे स्कूल, अस्पताल, बाजार जैसी मूलभूत जरूरतें भी प्रभावित होती थीं। अब पुल बन जाने से न केवल आवाजाही आसान होगी, बल्कि आर्थिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी। लोगों ने सांसद भारत सिंह कुशवाह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने सचमुच जनता की बात को सरकार तक पहुँचाकर उसे पूरा करवाया।

## गोंदोली में 828 लाख से तो बीलवरा माता मार्ग पर 494 लाख की लागत से बनेगा पुल

मध्यप्रदेश सरकार ने नगर परिषद बैराड़ अंतर्गत आने वाले ग्राम गोंदोली में पार्वती नदी पर नवीन पुल निर्माण की मंजूरी प्रदान की है। यह पुल लगभग 80 मीटर लंबा होगा और इसके निर्माण पर 828 लाख रुपये की लागत आएगी। इसके अलावा बीलवरा माता मार्ग पर ग्राम टोरिया के पास पार्वती नदी पर 60 मीटर लंबा नया पुल भी स्वीकृत किया गया है। इस निर्माण पर 494 लाख रुपये व्यय होंगे। दोनों पुलों के बन जाने से क्षेत्र के हजारों लोगों को आवागमन में सुगमता मिलेगी और वर्षों से चली आ रही समस्याओं का समाधान होगा।

## यूरिया की कालाबाजारी किए जाने पर एफआईआर दर्ज

शिवपुरी। जिला प्रशासन द्वारा उर्वरक वितरण प्रणाली में पारदर्शिता और किसानों तक समय पर खाद उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की जा रही सतत निगरानी के बीच विकासखण्ड के ग्राम सिरसौद में यूरिया की कालाबाजारी किए जाने पर संबंधित यूरिया विक्रेता के.के.ट्रैडर्स सिरसौद प्रोपराईटर कृष्णकान्त गुप्ता के विरूद्ध एफआईआर पंजीबद्ध किए जाने की कार्यवाही की गई है। प्रभारी उर्वरक निरीक्षक फूल सिंह हिण्डोरिया को गत दिवस सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम सिरसौद में 85 बोरी यूरिया पिकअप वाहन क्रमांक यूपी 93 एटी 3512 से अवैध रूप से परिवहन की जा रही है। सूचना पर मौके पर पहुंचकर निरीक्षक द्वारा वाहन चालक राजेश प्रजापति से पूछताछ की गई, जिसने बताया कि उक्त उर्वरक के.के. ट्रेडर्स सिरसौद प्रोप्राइटर कृष्णकान्त गुप्ता का है और इसे ग्राम बड़ौनी के पास के एक दुकानदार के यहां से लाया-ले जाया जा रहा था। मौके पर प्रोप्राइटर कृष्णकान्त गुप्ता को बुलाकर परिवहन से संबंधित बिल एवं वैध दस्तावेज मांगे गए।

# कड़ी मेहनत से संभव हुआ प्रदेश में प्रथम स्थान : मयंक भार्गव



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 03 दिसम्बर।** मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा आयोजित समूह - 4 संयुक्त भर्ती परीक्षा में मयंक भार्गव ने मध्यप्रदेश में 89.2 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। मयंक की इस उपलब्धि पर उनके पिता एडवोकेट नंदकुमार भार्गव, चाचा प्रयाग नारायण भार्गव (लुकवासा वाले), समस्त मित्रों एवं शुभचिंतकों ने बधाई दी है। मयंक भार्गव पुत्र नंदकुमार भार्गव मूलत: लुकवासा के रहने वाले है। उनके बड़े बेटे मोहित भार्गव भी शासकीय जिला शिक्षा कार्यालय शिवपुरी में जिला व्यावसायिक समन्वयक (डीव्हीसी) पद पर कार्यरत है।

होनहार मयंक भार्गव ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी कड़ी मेहनत माता-पिता एवं बुजुर्गों के आशीर्वाद का परिणाम बताया है उन्होंने कहा कि हमें अपनी उम्मीद नहीं छोड़ना चाहिए। उनकी इस सफलता से घर - परिवार एवं शिवपुरी शहर में खुशी का वातावरण है साथ ही उनकी ये सफलता युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत है।

# स्पेशल ट्रेन 279 तीर्थ यात्रियों के साथ शिवपुरी से रवाना



**शिवपुरी।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत शिवपुरी जिले से चयनित 279 तीर्थ यात्रियों को लेकर बुधवार सुबह विशेष ट्रेन मां कामाख्या देवी, गुवाहाटी (असम) के लिए रवाना हुई। यात्रियों के साथ दो डॉक्टर, छह अनुरक्षक तथा पाँच पुलिसकर्मी (जिनमें दो महिला पुलिसकर्मी शामिल) सुरक्षा एवं व्यवस्थापन के लिए मौजूद रहे। जिले की 08 जनपद पंचायतों एवं 11 नगरीय निकायों से ऑनलाइन कम्प्यूटरीकृत लॉटरी सिस्टम द्वारा यात्रियों का चयन किया गया था।,

सभी यात्रियों को प्रात: वेलकम किट व नाश्ते के पैकेट वितरित किए गए। इसके बाद ट्रेन को नियत समय पर हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष नेहा यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष जसमंत जाटव, पूर्व विधायक प्रहलाद भारती, नगर पालिका अध्यक्ष गायत्री शर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष जसवंत जाटव ने कहा कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना प्रदेश सरकार की संवेदनशीलता और आस्था का अद्भुत उदाहरण है। इससे उन बुजुर्गों को मौका मिलता है जो आर्थिक स्थिति के कारण जीवन में तीर्थ यात्रा नहीं कर पाते। उन्होंने सभी यात्रियों को सुखद एवं सुरक्षित यात्रा की शुभकामनाएँ दीं।

# पुरूष नसबंदी जागरूकता रथ रवाना, सीएमएचओ ने दिखाई हरी झंडी

**पुरूष नसबंदी पखवाड़ा अंतर्गत आयोजन**



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी,03दिसम्बर।** लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा पुरूष नसबंदी पखवाडे के अंतर्गत प्रचार प्रसार हेतु पुरूष नसबंदी जागरूकता रथ प्रचार प्रसार हेतु जिले के ग्रामीण क्षैत्रों की ओर रवाना हो गया। जिसे सीएमएचओ शिवपुरी सहित स्वास्थ्य अधिकारियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जागरूकता रथ ने शहरी क्षैत्र शिवपुरी की विभिन्न बस्तियों में जाकर परिवार कल्याण की योजनाओं का प्रचार प्रसार किया।

जिला स्वास्थ्य अधिकारी 2 डॉ अनीता पाल ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय ऋषीश्वर के मार्गदर्शन में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग शिवपुरी द्वारा राज्य स्तर से प्राप्त निर्देशों का पालन करते हुए 21 नवम्बर 2025 से 04 दिसम्बर 2025 तक पुरूष नसबंदी पखवाडे का आयोजन किया गया है। जिसके तहत विकासखंड तथा जिला स्तर पर पुरूष नसबंदी शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। आशा कार्यकर्ता तथा स्वास्थ्य कर्मचारी गांव-गांव में जाकर परिवार नियोजन हेतु पुरूष नसबंदी एक स्थाई और सुरक्षित साधन है यह समझाईश दे रहे हैं। इसमें बिना चीरा या बिना टांका नसबंदी की जाती है। इससे पुरूष को पौरूष क्षमता या दैनिक जीवन के कार्य करने में कोई प्रभाव नही पडता है।

जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ

# पुलिस सख्त, डीजे की तेज आवाज पर होगी कार्रवाई

**पुलिस ने होटल लॉज मैरिज गार्डन का किया निरीक्षण, संचालकों को दी कड़ी हिदायत**

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी,03दिसम्बर।** शादियों के सीजन में बढ़ती भीड़भाड़, डीजे की तेज आवाज और व्यवस्थाओं में बरती जा रही लापरवाहियों को देखते हुए पुलिस अधीक्षक शिवपुरी अमन सिंह राठौड़ ने सभी थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि तेज ध्वनि और अव्यवस्था से आमजन को परेशानी न हो, इसके लिए क्षेत्र में लगातार भ्रमण कर स्थिति पर नियंत्रण रखा जाए तथा मानकों के उल्लंघन पर त्वरित वैधानिक कार्रवाई की जाए।

इसी क्रम में 2 दिसम्बर 2025 को थाना फिजिकल प्रभारी निरीक्षक नम्रता भदौरिया ने पुलिस टीम के साथ क्षेत्र के होटल, लॉज, रेस्टॉरेंट और मैरिज गार्डनों का निरीक्षण किया। इस दौरान संचालकों को निर्देशित किया गया कि डीजे और ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग निर्धारित नियमों के अनुसार ही किया जाए। साथ ही स्पष्ट हिदायत दी गई कि भीड़भाड़ से उत्पन्न होने वाली समस्याओं पर विशेष ध्यान रखें, अनियमितता या नियमों के उल्लंघन की स्थिति में सख्त कार्रवाई की जाएगी। होटल, लॉज और मैरिज गार्डन संचालकों को यह भी निर्देशित किया गया कि आने-जाने वाले व्यक्तियों की प्रविष्टि रजिस्टर में अनिवार्य रूप से दर्ज करें तथा बाहरी व्यक्तियों की जानकारी समय-समय पर थाने में उपलब्ध कराएं। निरीक्षण व कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक नम्रता भदौरिया के साथ प्रआर 110 सचेन्द्र श्रीवास्तव, प्रआर चालक 486 सुशील जाट, आरक्षक 233 सागर भारद्वाज और आरक्षक 721 नरेन्द्र राठौर की सराहनीय भूमिका रही।

# स्कूली छात्र-छात्राओं ने जाना : एड्स क्या है और इससे कैसे बचाव करें

**विश्व एड्स दिवस जागरूकता सप्ताह के तहत उत्कृष्ट विद्यालय शिवपुरी में कार्यक्रम**



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी,03दिसम्बर।** विश्व एड्स दिवस जागरूकता सप्ताह के तहत उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक-01 शिवपुरी में विद्यार्थियों को एड्स तथा एच.आई.वी. के बारे में उपयोगी जानकारी दी गई। छात्रों ने प्रश्नोत्तर सत्र में अपने सवाल पूछे, जिनका जवाब मुख्य अतिथि जिला अस्पताल शिवपुरी के सिविल सर्जन डॉ. बृजेशलाल यादव ने दिया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय ऋषिश्वर के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। डॉ. यादव ने एड्स के कारण, लक्षण, बचाव तथा जिले में नशे के बढ़ते प्रचलन से होने वाले दुष्परिणामों पर छात्रों को जागरूक किया।

विद्यालय के प्राचार्य हेमंत जैमनी ने एच.आई.वी. और एड्स में अंतर तथा संक्रमण किन माध्यमों से नहीं होता, इसकी जानकारी दी। जिला चिकित्सालय के यौन रोग परामर्शदाता राजकुमार माथुर ने रोचक जानकारी साझा की तथा राहुल गुप्ता, डेटा प्रबंधक, ए.आर.टी. केंद्र ने केंद्र की सुविधाओं के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन स्वाति बांझल ने किया और नीरज जाट, समपूर्ण सुरक्षा प्रबंधक ने आई.ई.सी. सामग्री का वितरण किया।

**प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में राधिका, सागर शर्मा और नितेश हुए सम्मानित:** एड्स जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम कुमारी राधिका द्वितीय सागर शर्मा और तृतीय नितेश को शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। अन्य प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार दिए गए।

# ग्वालियर के स्व . नरेंद्र जैन की समर गाथा का हुआ अभिनंदन

**ग्वालियर की धरती से उठी समर गाथा, दिल्ली विश्वविद्यालय में गूंजी विचारों की विजय-ध्वनि**



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर,03दिसम्बर।** हंसराज कॉलेज (दिल्ली विश्वविद्यालय) में आज स्वर्गीय श्री नरेंद्र जैन (नंदा जी) की 18वीं पुण्यतिथि के अवसर पर कैंपस कॉर्नर द्वारा एक गरिमामय श्रद्धांजलि सभा और उनके लेखों के संकलन पर आधारित पुस्तक 'समर गाथा' पर पुस्तक परिचर्चा का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम न केवल एक संवेदनशील स्मरण था, बल्कि ग्वालियर के प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता और जनप्रिय वैचारिक व्यक्तित्व स्व. नरेंद्र जैन के बहुआयामी योगदान का राष्ट्रीय राजधानी में सम्मान भी था। कार्यक्रम का उद्देश्य स्व. नरेंद्र जैन के वैचारिक योगदान, राष्ट्रीय दृष्टि और सांस्कृतिक मूल्यों को नई पीढ़ी तक पहुँचाना रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज की प्राचार्या प्रोफेसर रमा जी ने की।

मुख्य अतिथि के रूप में श्यामा प्रसाद मुखर्जी फाउंडेशन के निदेशक बिनय सिंह, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय छात्रा प्रमुख दीदी मनु शर्मा कटारिया , रामजस कॉलेज के इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. प्रशांत अरवे , अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रांत संगठन मंत्री राम गुप्ता और कैंपस कॉर्नर की संपादक डॉ. अंकिता चौहान व डॉ. महेंद्र प्रजापति उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रथम वक्ता के रूप में डॉ. प्रशांत अरवे ने ऐतिहासिक दृष्टिकोण प्रस्तुत करते हुए 'समर गाथा' के विविध प्रसंगों के माध्यम से भारतीय शौर्य की परंपरा पर प्रकाश डाला। उन्होंने विशेष रूप से स्वतंत्रता सेनानी वीर विनायक दामोदर सावरकर के संघर्षों का उल्लेख किया।

मनु शर्मा कटारिया ने अपने वक्तव्य में कहा कि 'समर गाथा' स्व. नरेंद्र जैन द्वारा रचित विचारों का सशक्त संकलन है, जिसका संपादन डॉ. पियूष जैन ने किया है।

अपने संस्मरणों को साझा करते हुए बिनय सिंह जी ने स्व. नरेंद्र जैन के व्यक्तित्व और उनके पारिवारिक तथा सामाजिक जीवन के अनुभवों को भावुकता के साथ याद किया। प्राचार्या प्रो. रमा जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित महाविद्यालय में 'समर गाथा' पर यह सारगर्भित परिचर्चा, ग्वालियर के एक चिंतनशील लेखक और सामाजिक कार्यकर्ता को सच्ची श्रद्धांजलि है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में शोधार्थी, विद्यार्थी, अध्यापकगण तथा स्व. नरेंद्र जैन जी के परिवार से जुड़े हुए परिजन उपस्थित रहे। सभी ने दो मिनट का मौन रखकर नंदा जी को श्रद्धांजलि अर्पित की । अंत में धन्यवाद ज्ञापन कैंपस कॉर्नर की ओर से किया गया और यह संकल्प लिया गया कि स्व. नरेंद्र जैन जैसे चिंतकों की वैचारिक विरासत को निरंतर संवाद, लेखन और शोध के माध्यम से अगली पीढ़ियों तक पहुँचाया जाता रहेगा।

## पीएचसी और सीएचसी से निजी चिकित्सकों की सेवाएं लेगी सरकार

**भोपाल, 3 दिसंबर.** चिकित्सकों की कमी से जूझ रही सरकार अब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र यानी सीएचसी और प्राथमिक स्वास्थ केंद्र यानी पीएससी में निजी चिकित्सकों की सेवाएं लेगी. इतना ही नहीं सीएचसी, पीएचसी में निजी चिकित्सकों को जरुरत पड़ने पर कॉल पर बुलाने की नई व्यवस्था भी बनाई जाएगी, उन्हें इसके लिये बेहतर मानदेय भी दिया जाएगा.

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को मंत्रालय में लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की समीक्षा के दौरान इस संबंध में निर्देश दिये. इस दौरान मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि ऐसे अस्पताल या डॉक्टर आयुष्मान योजना के तहत इलाज नहीं करते हैं या इस योजना में इम्पैनल्ड नहीं है, उन्हें भी इस योजना से जोड़ा जाए. मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉक्टर्स की आपूर्ति के लिए विभाग भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाए.

# दिवंगत रेलकर्मियों के अदम्य साहस को स्मरण

## डीआरएम ने शहीद कर्मचारियों के स्मारक पर पुष्प अर्पित किया

**भोपाल,03 दिसंबर. मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में 2-3 दिसम्बर 1984 की रात हुई भोपाल गैस त्रासदी विश्व की सबसे भीषण औद्योगिक दुर्घटनाओं में से एक थी. इस त्रासदी में असंख्य लोगों की जान गई तथा लाखों लोग वर्षों तक प्रभावित रहे.**

इसी भयावह स्थिति के दौरान अपने कर्तव्य के प्रति अद्वितीय समर्पण दिखाने वाले रेलकर्मियों को स्मरण करने हेतु 03 दिसम्बर को डीआरएम पंकज त्यागी सहित मंडल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भोपाल स्टेशन स्थित 'भोपाल गैस त्रासदी रेलकर्मी स्मारक' पर पुष्प अर्पित कर मौन रख श्रद्धांजलि दी.



यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री से मिथाइल आइसोसाइनाइट गैस के रिसाव ने पूरे शहर में अफरा-तफरी मचा दी थी. इसी कठिन समय में भोपाल स्टेशन पर पदस्थ स्टेशन प्रबंधक स्व. हरीश धुर्वे एवं उनके साथ 44 रेल कर्मचारियों ने जोखिम उठाते हुए मुंह पर कपड़ा बांधकर ड्यूटी जारी रखी. उनका उद्देश्य बीना और इटारसी दिशा से आने वाली ट्रेनों को भोपाल स्टेशन तक पहुँचने से रोककर यात्रियों की जान बचाना था.

# वीडियोग्राफी के आधार से 17 पर प्रकरण दर्ज

## धरना प्रदर्शन को लेकर पुलिस ने की कड़ी कार्रवाई

**धामनोद,03 दिसंबर. खलघाट टोल प्लाजा पर किसान आंदोलन के धरना प्रदर्शन पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए वीडियोग्राफी के आधार पर 17 किसानों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिए है.**

पुलिस का कहना है कि प्रदर्शन के दौरान कुछ किसानों द्वारा बिना अनुमति सड़क मार्ग बाधित करने और यातायात में अवरोध उत्पन्न करने जैसी गतिविधियां सामने आई साथ ही उनके द्वारा प्रतिबंधित धाराओं का उल्लंघन किया गया . जिसके आधार पर संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज की गई है.

धरना प्रदर्शन के दौरान पुलिस प्रशासन एवं जिले के आला अधिकारियों द्वारा संपूर्ण घटना क्रम की वीडियोग्राफी कराई गई . जिसके आधार पर पुलिस ने 17 किसानों पर प्रकरण दर्ज किया है . जिनमें गोपाल पाटीदार राष्ट्रीय किसान मजदूर महा संघ मध्य भारत संगठन मंत्री निवासी ग्राम छालपा जिला खरगोन, मंदन मुवेला राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ जिला अध्यक्ष बडवानी, प्रकाश धाकड राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ निवासी बदनावर, सहित अन्य करीब 600 से 700 अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज हुआ .

**मिलेगी नई पहचान** | मुख्यमंत्री डॉ . मोहन यादव आज करेंगे 20 शिकारा नाव सेवा का शुभारंभ

# अब भोपाल में उठाएं कश्मीरी शिकारा का लुत्फ़

**प्रशासनिक संवाददाता**
**भोपाल, 3 दिसंबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, झीलों की नगरी भोपाल के सौंदर्य में अभिवृद्धि करते हुए, गुरुवार 4 दिसम्बर को सुबह 9 बजे बड़े तालाब के बोट क्लब पर 20 नवीन शिकारा नाव की सेवा का शुभारंभ करेंगे.**

विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में विधानसभा सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रहेंगी. प्रदेश में पर्यटन विकास के नए आयाम स्थापित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में पर्यटन सुविधाओं का निरंतर



विस्तार किया जा रहा है. भोपाल के बड़े तालाब में कश्मीर की प्रसिद्ध डल झील की तर्ज पर शिकारे संचालित करने की यह अनूठी पहल की गई है. यह पहल न केवल प्रदेश के जल-पर्यटन को राष्ट्रीय पटल पर एक नई पहचान देगी, बल्कि पर्यटकों के लिए प्रकृति के सानिध्य में सुकून के कुछ पल बिताने का एक जरिया भी बनेगी. इन शिकारा बोट्स राइड के दौरान पर्यटक बर्ड वाचिंग भी कर सकेंगे इसके लिए शिकारे में दूरबीन की व्यवस्था भी की गई हैं साथ ही पर्यटक अन्य शिकारों में उपलब्ध आर्गेनिक वेजिटेबल्स और फ्रूटस और मप्र में निर्मित हस्तशिल्प के उत्पाद भी खरीद सकेंगे, वहीं राइड के दौरान पर्यटक स्थानीय व्यंजन का लुत्फ भी ले सकेंगे.

> इस पहल का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में जल-पर्यटन (वॉटर टूरिज्म) को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाना है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव की मंशानुसार, प्रदेश में पहली बार इतने वृहद स्तर पर शिकारों का संचालन किया जा रहा है. विशेष रूप से पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए, इन सभी 20 शिकारों का निर्माण प्रदूषण रहित आधुनिक तकनीक से किया गया है. इनका निर्माण फाइबर रीइन्फोर्स्ड पॉलीयूरिथेन और उच्च गुणवत्ता वाली नॉन-रिएक्टिव सामग्री से हुआ है, जो जल के साथ किसी भी प्रकार की रासायनिक क्रिया नहीं करती. इससे बड़े तालाब की पारिस्थितिकी और जल की शुद्धता पूर्णत: सुरक्षित रहेगी.